सवाई माधोपुर स्टेशन पर एक्सप्रेस रेल गाड़ियों का ठहरना

2394. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जयपुर और राजस्थान के निवासियों को सुविधाएं प्रदान करने हेतु राजधानी एक्सप्रेस, जम्मू तवी एक्सप्रेस, सर्वोदय एक्सप्रेस रेल गाड़ियों के सवाई माधोपुर स्टेशन पर रुकने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) क्या रेल यात्रियों को सुविधायें प्रदान करने, जिला मुख्यालयों को रेल गाड़ियों से जोड़ने के लिए कोई नये कार्यक्रम या योजनायें विचाराधीन हैं, और उन जिला मुख्यालयों के नाम क्या हैं जो रेल से जुड़े नहीं हैं और देश में राज्यों की ऐसी कौन सी राजधानियां हैं जो रेल सेवा से जुड़ी हुई नहीं हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जी नहीं, क्योंकि वैकल्पिक फास्ट गाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं ।

(ख) श्रीनगर और गोवा तथा पूर्वोत्तर राज्यों (असम को छोड़कर) की राजधानियां रेल सेवाओं द्वारा सीधे नहीं जुड़ी हैं जो जिला मुख्यालय रेल द्वारा नहीं जुड़े हैं, उनकी सूची संलग्न है **(देखिये** परिशिष्ट 148, अनुपत्र सं० 105)

स्वीकृत नयी लाइन परियोजनाएं पूरी हो जाने पर निम्नलिखित जिला मुख्यालय जो इस समय रेल लाइन से नहीं जुड़े, हैं, रेल लाइन से जुड़ जायेंगे ।

—जम्मू और कश्मीर में ऊधमपुर ।

—केरल में अल्लेप्पी ।

—मध्य प्रदेश में रीवा और शिवपुरी ।

—राजस्थान में बूंदी ।

सोवियत संघ द्वारा वायुदूत सेवा के लिए हवाई जहाज देने की पेशकश

2395. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सोवियत संघ ने वायुदूत के अन्तर्गत संचालन के लिये हमारे वर्तमान हवाई जहाजों के स्थान पर अपने कुछ हवाई जहाज देने की पेशकश की है ;

(ख) यदि हां, तो इन हवाई जहाजों के नाम क्या-क्या हैं तथा इनमें बैठने की क्षमता कितनी है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन हवाई जहाजों में अपेक्षाकृत अधिक ईंधन की खपत होती है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में विस्तृत ब्यौरा क्या है तथा इन हवाई जहाजों के संबंध में सरकार का क्या निर्णय है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) और (ख) मैसर्ज एविएकसपोर्ट ने वायुदूत को 120 सीट वाले याक-42 तथा 17 सीट वाले ए०एन०-28 विमान बेचने की पेशकश की है ।

(ग) और (घ) याक-42 विमान की बिक्री की पेशकश तथा इसके कार्य-निष्पादन संबंधी परिणामों पर वायुदूत द्वारा विचार किया जा रहा है ।

उड़ान न भर पाने पर टिकट की राशि का लौटाया जाना

2396. **श्री अजीत जोगी :**
श्री सोहन लाल धूसिया :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स के ओ०के० टिकट वाले यात्री